भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1796
28 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग का पुनर्गठन

1796. **श्री सुब्रत पाठकः**
श्री रेबती त्रिपुराः
श्री धनुष एम॰ कुमारः
श्री विजय कुमार दुबेः
श्रीमती संध्या रायः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) पुनर्गठन अध्ययन को और कुशल बनाने के लिए एक समिति गठित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या समिति ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने रिपोर्ट पर विचार किया है और यदि हां, तो उक्त सिफारिशों को कब तक कार्यान्वित किया जाएगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने संपूर्ण देश में समर्पित आयोजना और अभिकल्पना केंद्र स्थापित किए हैं;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पहल के पीछे के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं; और
(च) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के पुनर्गठन हेतु सरकार द्वारा समयबद्ध तरीके से अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग) : जी हां, वर्ष 2017 में अर्नस्ट एंड यंग (ई.वाई.) द्वारा 'केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली और पुनर्गठन' पर एक अध्ययन किया गया था, इसका उद्देश्य इसके अधिदेश और कार्य को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के ढांचे तथा संगठन का विश्लेषण करते हुए, संगठन की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने हेतु उठाए गए उपायों पर सुझाव देते हुए सीपीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली का अध्ययन करना था। ई.यू. रिपोर्ट की अनुशंसाओं में अन्य संबंधित उपायों के अलावा कार्य प्रक्रिया सुधार और संगठनात्मक पुनर्गठन के विभिन्न पहलू सम्मिलित हैं। रिपोर्ट से सामने आए विभिन्न पहलुओं के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन और निगरानी करने के लिए मंत्रालय में एक कार्यान्वयन समिति गठित की गई है।

(घ) और (ड.) : डिजाइन आवश्यकताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरे देश में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के सभी पांच क्षेत्रों में क्षेत्रीय योजना और डिजाइन केंद्र स्थापित किए गए हैं।

(च) : केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के पुनर्गठन को कार्यान्वित कर दिया गया है।

*****